C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 192 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 03 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## नेताओं पर भरोसे का संकट, इसे चुनौती मानकर स्वीकारना होगा : राजनाथ सिंह

### उदयपुर से दिया विश्वास, संस्कार और राष्ट्रशक्ति का संदेश






भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर।

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज देश की राजनीति और नेताओं के प्रति विश्वास का संकट पैदा हुआ है और इस चुनौती को स्वीकार करते हुए भरोसा लौटाने की जरूरत है। वे विद्या प्रचारिणी सभा एवं बीएन संस्थान के 104वें स्थापना दिवस समारोह में संबोधित कर रहे थे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि केवल ज्ञान नहीं, बल्कि संस्कारों का होना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने दिल्ली धमाके का जिक्र करते हुए कहा कि पढ़े-लिखे, व्हाइट कॉलर लोग भी गलत रास्ते पर जा सकते हैं, इसलिए शिक्षा के साथ मूल्य अनिवार्य हैं।

रक्षा मंत्री ने आत्मविश्वास के साथ कहा कि भारत 2030 तक दुनिया की शीर्ष-3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। आज भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है और वैश्विक मंच पर जब भारत बोलता है तो दुनिया ध्यान से सुनती है।

उन्होंने राजनीति में आने को एक संयोग बताते हुए कहा कि उनके भीतर का शिक्षक आज भी जीवित है। नेताओं के कथन और व्यवहार में अंतर ही विश्वास संकट की बड़ी वजह है, इसलिए वे बिना सोचे-समझे आश्वासन देने से बचते हैं।

उदयपुर में सैनिक स्कूल की मांग पर राजनाथ सिंह ने कहा कि बीएन संस्थान के स्कूलों की निरीक्षण रिपोर्ट सकारात्मक है और वे इस विषय पर गंभीरता से प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य व विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने इशारों में बिना नाम लिए गुलाबचंद कटारिया पर तंज कसते हुए कहा कि महापुरुषों के नाम का राजनीतिक दुरुपयोग नहीं होना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि स्वाभिमान और अहंकार के बीच बहुत पतली रेखा होती है, जो झुकना जानता है वही आगे बढ़ता है। कार्यक्रम के बाद वे सिटी पैलेस पहुंचे, जहां उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

## अपहृता नाबालिग अहमदाबाद से दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

प्रतापनगर थाना पुलिस ने अपहरण व दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृता नाबालिग बालिका को अहमदाबाद से दस्तयाब कर लिया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई है ।

पुलिस ने बताया की 25 दिसंबर को पीड़िता ने मामला दर्ज कराया था की उसकी नाबालिग पुत्री को 24 दिसंबर को आरोपी राजकुमार गान्छा पुत्र खेमराज गान्छा, उम्र 20 वर्ष, पेशा ड्राइवर, निवासी केन्द्रीय अस्पताल के सामने, गंगापुर बहला-फुसलाकर अपहरण कर ले गया। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृता नाबालिग को अहमदाबाद से दस्तयाब किया।



इस कार्रवाई में थानाधिकारी राजपाल सिंह, उप निरीक्षक चिराग अली, साइबर सेल प्रभारी आशीष कुमार मिश्रा, हैड कांस्टेबल सुनील कुमार तथा कांस्टेबल रामनिवास, नरेन्द्र एवं पिंटू कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 4 किलो 10 ग्राम डोडा चूरा के साथ ,तस्कर गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

थाना पुलिस ने अवैध डोडा चूरा परिवहन के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 किलो 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जब्त किया है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी पुरणमल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई है ।

पुलिस ने बताया की 1 जनवरी को गश्त के दौरान किशनगढ़ से आगे खजूरी रोड पर पुलिस ने दो ईको गाड़ियों को संदिग्ध अवस्था में खड़ा देखा। पुलिस वाहन को देखकर एक सफेद ईको कार का चालक वाहन लेकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर वाहन को रुकवाया। चालक वाहन छोड़कर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया।



तलाशी के दौरान ईको गाड़ी से अवैध डोडा चूरा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान शम्भुनाथ पुत्र सुवानाथ (उम्र 29 वर्ष), निवासी चारभुजा छांबड़िया, जहाजपुर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर डोडा चूरा एवं ईको वाहन जब्त कर मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

## स्टिंग में ‘हां’ भी गुनाह! मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग का सख्त संदेश,नैतिकता से समझौता बर्दाश्त नहीं

भीलवाड़ा फोकस @ जोधपुर ।

विधायकों के कथित स्टिंग ऑपरेशन को लेकर राजस्थान की राजनीति में मचे घमासान के बीच विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग का बेहद सख्त और साफ संदेश सामने आया है। उन्होंने दो टूक कहा कि भले ही स्टिंग में पैसों का कोई वास्तविक लेन-देन न हुआ हो, लेकिन बातचीत में ‘हां’ भरना भी नैतिक रूप से गलत है। ऐसे मामलों को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

जोधपुर प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत करते हुए गर्ग ने बताया कि जैसे ही स्टिंग का मामला सामने आया, उन्होंने तुरंत संज्ञान लिया। उस समय वे जालोर में थे, लेकिन सूचना मिलते ही बिना देरी किए विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर पूरे मामले की जानकारी दी। अध्यक्ष ने पत्र स्वीकार करते हुए प्रकरण को विधानसभा की सदाचार समिति को सौंप दिया।

मुख्य सचेतक ने स्पष्ट किया कि इस मामले की जांच पूरी तरह सदाचार समिति के दायरे में है। समिति के अध्यक्ष बगरू विधायक कैलाश वर्मा हैं और समिति को यह अधिकार प्राप्त है कि वह पूरे प्रकरण की जांच कर अपनी अनुशंसा सीधे विधानसभा अध्यक्ष को भेजे।

तीन विधायकों के स्टिंग और भारत आदिवासी पार्टी से बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल के रिश्वत कांड में अंतर स्पष्ट करते हुए गर्ग ने कहा कि दोनों मामलों की प्रकृति अलग है।



बाप विधायक के मामले में रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़े जाने और नकद बरामदगी की बात सामने आई थी, जबकि मौजूदा मामला स्टिंग का है, जहां वास्तविक लेन-देन नहीं हुआ। बावजूद इसके, उन्होंने दोहराया कि बातचीत में भी ‘हां’ कहना गलत है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

गर्ग ने यह भी कहा कि नैतिकता का सवाल केवल विधायक या सांसद तक सीमित नहीं है, बल्कि हर आम नागरिक के लिए जरूरी है। हालांकि, जनप्रतिनिधि होने के कारण विधायकों की जिम्मेदारी कई गुना बढ़ जाती है। विधानसभा की नियमावली में नैतिकता बनाए रखने और किसी भी तरह की मनमानी रोकने के लिए पर्याप्त और सख्त प्रावधान मौजूद हैं।

अब पूरे मामले में सबकी निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं। गर्ग के अनुसार, यदि प्रकरण अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में होगा तो अध्यक्ष स्वयं अंतिम निर्णय लेंगे, और यदि सरकार के स्तर पर कार्रवाई की जरूरत पड़ी तो अध्यक्ष मुख्यमंत्री को आवश्यक सुझाव या आदेश देंगे।

## यश पावन धाम के नजदीक हादसे के बाद प्रशासन हरकत में, स्पीड ब्रेकर निर्माण का लिया निर्णय



भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

भीलवाड़ा-लाडपुरा मेगा हाईवे संख्या 758 पर यश पावन धाम के पास गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में मां, बेटे, जीजा एवं चालक की अकाल मृत्यु तथा तीन वर्षीय बच्ची के घायल होने की घटना के बाद कस्बे में भारी रोष फैल गया। लंबे समय से स्पीड ब्रेकर की मांग के बावजूद निर्माण नहीं होने पर आक्रोशित नागरिकों ने चेतावनी दी थी कि यदि 7 दिन में स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए गए तो कस्बा बंद रखा जाएगा।

जनआक्रोश को देखते हुए संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे और दुर्घटना स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लाडपुरा-भीलवाड़ा मेगा हाईवे 758 पर यश पावन धाम के निकट दुर्घटना स्थल एवं नयागांव चौराहा सहित अन्य संवेदनशील स्थानों का अवलोकन किया गया। इस दौरान योजना प्रबंधक अधिकारी विनय कुमार, साइड इंचार्ज जयसिंह, परिवहन निरीक्षक सुरेश कुमार जांगिड़ भीलवाड़ा एवं थानाधिकारी जय सुल्तान सहित पुलिस व विभागीय अधिकारियों ने संयुक्त रूप से चर्चा कर स्पीड ब्रेकर निर्माण के स्थान तय किए। निर्णय के अनुसार यश पावन धाम के दोनों ओर, नयागांव चौराहा एवं नंदराय चौराहा पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएंगे।

निरीक्षण के समय किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष मुनीर लुहार भी उपस्थित रहे। लुहार ने इस दौरान चमन चौराहे तथा विद्यालय जाने वाले मार्गों पर भी आए दिन हो रही दुर्घटनाओं की ओर ध्यान दिलाते हुए वहां भी स्पीड ब्रेकर निर्माण का सुझाव रखा। प्रशासनिक अधिकारियों ने सुरक्षा की दृष्टि से शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

## कांग्रेस टिकट दिलाने का झांसा देकर 10 लाख की ठगी

### सोनिया-राहुल का करीबी बताने वाला कांग्रेसी नेता गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

**गर्वित ।** विधानसभा चुनाव के दौरान टिकट दिलवाने का झांसा देकर 10 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने एक कांग्रेसी नेता को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को सोनिया गांधी और राहुल गांधी का करीबी बताकर पीड़ित को भरोसे में लिया था। पैसा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।

रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस के अनुसार, आरोपी विजय श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश का निवासी है और खुद को कांग्रेस से जुड़ा प्रभावशाली नेता बताता था। पुलिस ने उसे उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है।

फरियादी बृजमोहन महावर ने मार्च 2024 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वो कांग्रेस सेवादल का कार्यकर्ता है और 2023 में उसकी पहचान सोशल मीडिया के जरिए यूपी के सुल्तानपुर निवासी विजय श्रीवास्तव से हुई। आरोपी ने खुद को यूपी में जिला संगठन से जुड़ा तथा फिल्म सेंसर बोर्ड का पूर्व सदस्य बताया।



वो बूंदी जिले की केशोरायपाटन विधानसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहता था। इसी का फायदा उठाते हुए आरोपी ने टिकट दिलवाने का दावा किया और खुद को शीर्ष कांग्रेस नेतृत्व का करीबी बताकर 10 लाख रुपये वसूल लिए। बाद में जब महावर ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी।

मामले की जांच के बाद रेलवे कॉलोनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि इस तरह की ठगी में और लोग शामिल हैं या नहीं।

## खारी नदी पुलिया पर बीसलपुर पाइपलाइन टूटी



**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

(दिलखुश)। सावर-केकड़ी मार्ग पर खारी नदी की पुलिया के समीप बीसलपुर पेयजल की मुख्य पाइपलाइन टूट गई। केकड़ी से सावर आने वाली बीसलपुर लाइन के क्षतिग्रस्त होने से मौके पर हजारों गैलन पानी व्यर्थ बह गया।

घटना की सूचना मिलते ही जलदाय विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता योगेश कुमार ने बताया कि पुलिया पर बीसलपुर की मुख्य पाइपलाइन टूटने की पुष्टि हुई है, जिस पर मरम्मत कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया है। विभाग द्वारा पाइपलाइन को दुरुस्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

## जंगली सुअरों के झुंड से टकराई बाइक, महिला घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( **सांवर वैष्णव** ):- सवाईपुर क्षेत्र के ढ़ेलाणा गांव के पास सड़क पार करते जंगली सुअरों के झुंड से बाइक की टक्कर हो गई, जिसमें एक महिला गंभीर घायल हो गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे 758 पर ढ़ेलाणा गांव के पास जंगली सुअरों का झुंड सड़क पार कर रहा था, इस दौरान एक बाइक से टक्कर हो गई । जिसमें बाइक सवार सीमा पति कमलेश नायक उम्र 29 वर्ष निवासी बावड़ी, जहाजपुर घायल हो गई, वही बाइक चालक को हल्की चोटें आई? । घायलों को सवाईपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया ।।

## अनिल छाजेड़ बने अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष टीकमचंद परिहार की अनुशंसा पर संस्था की राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से अनिल कुमार छाजेड़ को वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है।

मीडिया प्रभारी मनीष बंब ने बताया कि अनिल छाजेड़ पूर्व में दो वर्षों तक राजस्थान प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। सामाजिक, धार्मिक एवं मानव सेवा के क्षेत्र में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व उन्हें सौंपा गया है। संस्था ने विश्वास जताया है कि उनके अनुभव व नेतृत्व से महासभा को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी।

## आदतन अपराधियों पर और कसेगा शिकंजा, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बनाई अपराध लगाम पर विशेष रणनीति

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने शुक्रवार को कस्बे के दौरे पर रहे । इस दौरान उन्होंने जिले की कानून व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्य योजना साझा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ अब और अधिक सख्ती बरती जाएगी।

सजग प्रहरी की भूमिका में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के सभी थानों में तैनात थानाधिकारी और पुलिसकर्मी 'सजग प्रहरी' के रूप में कार्य कर रहे हैं। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय हैं, जिससे जिले के अपराध ग्राफ में गिरावट दर्ज की गई है।

**ब्याज माफियाओं के खिलाफ बड़ा अभियान :**

भीलवाड़ा पुलिस इन दिनों ब्याज माफियाओं (सूदखोर) के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। पुलिस द्वारा लगातार की जा रही दबिश से अवैध ब्याज का धंधा करने वालों में हड़कंप है। एसपी ने बताया कि इस सख्ती के कारण आमजन को ब्याज माफियाओं द्वारा किए जा रहे मानसिक और आर्थिक शोषण से बड़ी राहत मिली है।

एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव ने जनता से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा अपराध मुक्त समाज के लिए, जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। यदि आपके आस-पास कोई भी संदिग्ध गतिविधि या अपराध हो रहा है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। आपकी सूचना और सतर्कता अपराध को रोकने में हमारी सबसे बड़ी सहायता होगी।

# भीलवाड़ा में सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता प्रदर्शनी का शुभारंभ, 31 जनवरी तक आमजन के लिए रहेगी खुली

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता प्रदर्शनी का शुभारंभ पुलिस कंट्रोल रूम के बाहर किया गया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी 31 जनवरी तक आमजन के अवलोकन हेतु खुली रहेगी।

प्रदर्शनी में पोस्टर, संदेशात्मक सामग्री एवं विभिन्न माध्यमों के जरिए यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का संदेश भी दिया गया है। इस अवसर पर एडिशनल एसपी (मुख्यालय) पारस जैन, जिला परिवहन अधिकारी डॉ. रामकृष्ण चौधरी, परिवहन निरीक्षक लवलीश टेलर, प्रशासनिक अधिकारी मोहम्मद यूनुस सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। एडीएम प्रतिभा देवठिया ने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से पुलिस, परिवहन व प्रशासन सहित अन्य विभागों के सहयोग से वाहन चालकों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने दोपहिया व चारपहिया चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि नियमों से न केवल चालक, बल्कि सड़क पर चलने वाले अन्य लोग भी सुरक्षित रहते हैं। डीटीओ डॉ. रामकृष्ण चौधरी ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति सजग बनाना है। पोस्टरों के माध्यम से हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता व महत्व समझाया जा रहा है, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। एएसपी पारस जैन ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आयोजित यह प्रदर्शनी आम लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करेगी। उन्होंने कहा, जीवन अनमोल है सड़क पर निकलते समय नियमों का पालन करें, क्योंकि घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा होता है। साथ ही आमजन से प्रदर्शनी का अवलोकन कर नियमों को अपनाने की अपील की।

## फोकस इंपैक्ट : दो माह बाद बहाल हुई पेयजल आपूर्ति, ग्रामीणों को मिली राहत

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।**






क्षेत्र के बाकरा एवं किशनगढ़ ग्राम पंचायत के तीन गांव हर्षलो की झोपड़िया, बागरथल और भीमपुरा में पिछले दो महीनों से ठप पड़ी पेयजल आपूर्ति आखिरकार बहाल हो गई। यह राहत भीलवाड़ा फोकस में खबर प्रकाशित होने के बाद मिली, जिसके बाद संबंधित विभाग हरकत में आए।

जानकारी के अनुसार सार्वजनिक निर्माण विभाग के ठेकेदार की लापरवाही से चंबल पेयजल योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके चलते सैकड़ों घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा था। बार-बार शिकायतों के बावजूद लंबे समय तक मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों को गंभीर परेशानी झेलनी पड़ी।

खबर सामने आने के बाद पीडब्ल्यूडी और चंबल विभाग की संयुक्त टीम शुक्रवार को मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत कराई। शुक्रवार को जैसे ही जलापूर्ति बहाल हुई, गांवों में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने राहत की सांस ली।

## अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के युवा जिलाध्यक्ष बने अंकित सोमानी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



वैश्य समाज को संगठित कर सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा गतिविधियों को नई दिशा देने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन ने युवा नेतृत्व को सशक्त करने की दिशा में अहम निर्णय लिया है। संभागीय अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष रामेश्वर काबरा ने अंकित सोमानी को भीलवाड़ा का युवा जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की।

जिला अध्यक्ष रामेश्वर काबरा ने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार युवा शक्ति होती है। अंकित सोमानी लंबे समय से समाजसेवा व संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े हैं, उनकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। मीडिया प्रभारी मनीष बंब ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी, संभागीय महिला अध्यक्ष मधु जाजू, संभागीय युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी, जिला महामंत्री ललित अग्रवाल, युवा जिला महामंत्री आशीष अग्रवाल सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं।




QUICK BITES

## नियमित भर्ती की मांग को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों का अनोखा विरोध, खून से लिखे पोस्टकार्ड भेजे

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**






मेरिट एवं बोनस अंक आधारित नियमित भर्ती का विज्ञापन शीघ्र जारी करवाने की मांग को लेकर संविदा व निविदा नर्सेज तथा पैरामेडिकल कर्मचारियों ने अनोखे तरीके से सरकार का ध्यान आकर्षित किया। स्वास्थ्यकर्मियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के नाम अपने खून से लिखे पोस्टकार्ड जयपुर भेजे और विरोध दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष मनोज जोशी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल योग्य अभ्यर्थियों के हित में मेरिट व बोनस अंक आधारित नियमित भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र शुरू करवाना है। उन्होंने कहा कि नियमित भर्ती नहीं होने से स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

नर्सिंग ऑफिसर भूपेंद्र शर्मा, नितेश गुर्जर, संदीप सेन, रघुवीर खटीक व सुमन साहू सहित अन्य नर्सिंग कर्मियों ने सरकार से सकारात्मक निर्णय लेते हुए जल्द विज्ञापन जारी करने की मांग की। स्वास्थ्यकर्मियों ने स्पष्ट किया कि उनका यह प्रयास जनहित और सेवा-भावना से प्रेरित है और उन्हें उम्मीद है कि सरकार इस पर शीघ्र संवेदनशील निर्णय लेगी।

## श्री अभिनंदननाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में चतुर्दशी के दिन श्री अभिनंदननाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया।

प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि प्रातः मूलनायक पदम प्रभु भगवान सहित सभी प्रतिमाओं पर श्रावकों ने बारी-बारी से महामस्तकाभिषेक किया। विनय कुमार जैन एवं अशोक पाटोदी ने पदम प्रभु भगवान, प्रकाश अग्रवाल ने आदिनाथ, लक्ष्मीकांत जैन ने मुनिसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की। तथा अन्य प्रतिमाओं पर भी शांतिधारा की गई। इस उपरांत अभिनंदननाथ भगवान की पूजा- अर्चना कर श्रावक-श्राविकाओं ने अर्ग समर्पण किये । इस अवसर पर कई धर्मालुगण उपस्थित रहे ।

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com

वेब: www.bhilwarafocus.com

# जिला अभिभाषक संस्था की नई कार्यकारिणी का न्यायालय परिसर में किया स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला अभिभाषक संस्था की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के कार्यालय प्रवेश के पश्चात जिला न्यायालय परिसर में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सहसचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली एवं निवर्तमान अध्यक्ष राजेश शर्मा का अधिवक्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। समारोह में राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के अधिवक्ता नीरज गुर्जर व प्रदीप पूनिया सहित जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता गणपत सिंह राणावत, विष्णुदत्त शर्मा, शिवलाल शर्मा, रणवीर सिंह चुण्डावत, पंकज पंचोली, रमेशचंद शर्मा, विजय भटनागर, मुकुंद सिंह पंवार, राधेश्याम विजयवर्गीय, ओमप्रकाश सोनी व पीरू सिंह गौड़ सहित कई अधिवक्ताओं ने माला, साफा, ऊपरना व बुके भेंट कर नवीन कार्यकारिणी का अभिनंदन किया।

नव निर्वाचित अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ ने कहा कि कार्यकारिणी अधिवक्ताओं के हितों के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए रेवेन्यू महासचिव के नेतृत्व में पांच सदस्यीय समिति गठित की जाएगी, जो समस्याओं का शीघ्र निराकरण करेगी।

इस अवसर पर राघवेंद्रनाथ व्यास, ओमप्रकाश तेली, सिकंदर पठान, अनीश खान, मनोज कुमावत, दीपक खूबवानी, अनुराग चतुर्वेदी, सुनील पारीक, विकास लोमस, शाकिर शेख सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# साध्वी उपेन्द्रयशा श्री जी का माण्डलगढ़ में मंगल प्रवेश आज

**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़।**

कस्बा स्थित श्री आदिश्वर प्रभु के प्रांगण में आचार्य विजय हिमाचल सूरीश्वर की समुदायवर्ती साध्वी उपेन्द्रयशा श्री जी म.सा. एवं आदि ठाणा 4 का मंगल प्रवेश शनिवार को श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ संपन्न होगा। मंगल प्रवेश कार्यक्रम सुबह 10 बजे स्टेच्यू सर्किल स्थित सुमतिनाथ मंदिर से जुलूस के रूप में प्रारंभ होकर शीतल स्वाध्याय भवन, पुरानी आबादी में पहुंचेगा। मंगल प्रवेश के बाद दोपहर 2:30 बजे से नवकार महामंत्र एवं भक्तामर स्तोत्र का सामूहिक जाप किया जाएगा। इसके उपरांत प्रसादी का आयोजन रखा गया है।

सायंकाल 7:15 बजे से शीतल स्वाध्याय भवन में नाकोड़ा पार्श्व भैरव भक्ति का आयोजन होगा, जिसमें सुप्रसिद्ध संगीतकार हिना डांगी एवं ग्रुप, मंदसौर द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी।

उक्त समस्त धार्मिक एवं भक्ति आयोजनों का आयोजन नगर के मनोहर सिंह, मदनलाल, पारसमल, प्रेम सिंह, ज्ञानचंद, केसरीनंदन रवि, भारत, नमन, दैविक एवं समस्त पीपाड़ा परिवार के सान्निध्य में किया जा रहा है।



# विधायक कोठारी ने उज्जैन में दिया सनातन संस्कारों का संदेश, ओंकारेश्वर में किया श्रमदान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शहर विधायक अशोक कोठारी ने अपने आध्यात्मिक यात्रा प्रवास के अंतर्गत मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले स्थित स्वामी सुखरामदास वैदिक गुरुकुल, खाचरोद का भ्रमण किया। जहाँ उन्होंने सनातन संस्कृति एवं श्रीमद्भगवद्गीता कार्यशाला में बच्चों के साथ सहभागिता कर भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों और नैतिक संस्कारों का संदेश दिया। कार्यशाला के दौरान मार्गदर्शक युवा संत रामानुराग रामसनेही , गौ वत्स लाल महाराज सहित बड़ी संख्या में सनातन अनुयायी उपस्थित रहे। विधायक कोठारी ने बच्चों से संवाद करते हुए गीता के जीवनोपयोगी संदेशों को आत्मसात करने तथा भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया।

आध्यात्मिक प्रवास के दौरान विधायक कोठारी ने गौ माता के सम्मान, सेवा एवं संरक्षण विषय पर परम पूज्य अवधेश चेतन दास महाराज से आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। कोठारी ने कहा कि गौ-संरक्षण भारतीय संस्कृति की आत्मा है, और इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना चाहिए। साथ ही उन्होंने सरकार की ओर से गौ माता के संरक्षण हेतु बजट में समाधान के विषय में भी मार्गदर्शन मांगा। इसके पश्चात विधायक कोठारी ने मां नर्मदा के पावन तट ओंकारेश्वर में स्वच्छता अभियान में भाग लेते हुए श्रमदान किया और पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया।

# चारागाह भूमियों के सीमांकन व संरक्षण की मांग, 7 जनवरी को सौंपेंगे ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



(रमेश गुर्जर) उपखंड क्षेत्र की चारागाह भूमियों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर कस्बे के उच्च माध्यमिक बाल विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान में उपखंड क्षेत्र के लगभग 70 से 80 प्रतिशत गांवों की चारागाह भूमियों पर असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, जिससे गोवंश सहित अन्य मवेशियों के लिए चारे का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। समस्या के समाधान हेतु क्षेत्र के सभी सामाजिक व राजनीतिक संगठनों, किसानों एवं गौ-प्रेमियों को साथ लेकर आगामी 7 जनवरी को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। ज्ञापन में चारागाह भूमियों के सीमांकन एवं संरक्षण की मांग की जाएगी। बैठक में यशवंत सिंह पुंगलिया, निलेश सनाढ्य, आदर्श सोनी, रामफूल धाकड़, आशीष चंद्रवाल, उमेश शर्मा, दीपक गौड़, मदन धाकड़, मुकेश रेगर, रमेश गुर्जर, कुलदीप सिंह, शैतान प्रजापत, शंकर धाकड़, कैलाश चंद्र नाथ, पप्पू पुरी, प्रितम कोली, हरिश देवानी सहित बड़ी संख्या में गौसेवक उपस्थित रहे।

# सावर पंचायत समिति क्षेत्र में ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन शुरू, 5 जनवरी तक आपत्तियां आमंत्रित

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**




(दिलखुश)। राजस्थान में आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर सावर पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन एवं नव सृजन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। सावर उपखंड अधिकारी द्वारा जारी सूचना के अनुसार नवीन प्रस्तावित सूची पर आमजन से सात दिनों के भीतर आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। आपत्तियां 5 जनवरी सोमवार तक सावर तहसीलदार एवं उपखंड अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती हैं। पुनर्गठन प्रस्ताव के तहत सदारी, गोरधा, कालेड़ा कंवरजी, बाढ़ का झोपड़ा, सदारा, टांकावास, चितिवास, भाण्डावास, आलोली और आमली पंचायतों में 7-7 वार्ड निर्धारित किए गए हैं। वहीं पिपलाज, गिरवरपुरा, मीणों का नयागांव, पारा और बाजटा इन पांच ग्राम पंचायतों में 9-9 वार्ड बनाए गए हैं। इसके अलावा कुशायता, गुलगांव और धुंधरी ग्राम पंचायतों में 11-11 वार्ड, जबकि मेहरूकलां में 13 वार्ड तय किए गए हैं। घटियाली ग्राम पंचायत सावर पंचायत समिति की सबसे बड़ी पंचायत के रूप में सामने आएगी, जहां 15 वार्ड प्रस्तावित किए गए हैं। गांवों के समावेशन की स्थिति में कालेड़ा कंवरजी और सदारा में एक-एक गांव ही शामिल रहेगा। धुंधरी में भी 11 वार्डों के साथ एक ही गांव रहेगा। वहीं गुलगांव में सांकरिया, पारा में गणेशपुरा और मेहरूकलां में बालापुरा में दो-दो गांव सम्मिलित होंगे। कुशायता ग्राम पंचायत में सात गांवों के साथ 11 वार्ड प्रस्तावित हैं।

पुनर्गठन के अंतर्गत बाढ़ का झोपड़ा ग्राम पंचायत से कालाखेत गांव हटाकर गिरवरपुरा में जोड़ा गया है, जिससे गिरवरपुरा में वार्डों की संख्या 5 से बढ़कर 9 हो जाएगी। घटियाली में मुख्य गांव में 11, जसवंतपुरा में 3 और नाड़ी में 1 वार्ड प्रस्तावित किया गया है। जनसंख्या आंकड़ों के अनुसार, कुल 20 ग्राम पंचायतों के 176 वार्डों में सबसे कम जनसंख्या भाण्डावास के वार्ड नंबर 3 राजपुरा गांव में 252 दर्ज की गई है, जबकि सर्वाधिक जनसंख्या घटियाली के वार्ड नंबर 11 नाड़ी गांव में 957 है। इधर, पुनर्गठन को लेकर विरोध भी सामने आने लगा है। घटियाली पंचायत के नाड़ी गांववासियों ने दो वार्ड बनाए जाने की मांग को लेकर सावर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है।

# खजूरी में देवनारायण छात्रावास खुलने की दिशा में पहल, आगामी बजट में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

विधानसभा क्षेत्र जहाजपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत खजूरी में देवनारायण योजनान्तर्गत छात्रावास खुलवाने की दिशा में अहम पहल सामने आई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार ने इस संबंध में औपचारिक पत्र जारी कर जानकारी दी है कि प्रस्ताव को वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा में शामिल करवाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

विभाग द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि इस विषय में क्षेत्रीय विधायक गोपीचन्द मीणा द्वारा पूर्व में मुख्यमंत्री एवं सामाजिक न्याय मंत्री को पत्र भेजे गए थे। इन्हीं के संदर्भ में विभाग ने स्पष्ट किया है कि छात्रावासों की घोषणा क्षेत्र की आवश्यकता एवं राज्य सरकार की



बजट उपलब्धता के अनुसार की जाती है।

पत्र के अनुसार, खजूरी में छात्रावास खोलने का प्रस्ताव वित्तीय सलाहकार, मुख्यालय को आवश्यक कार्यवाही के लिए भेज दिया गया है, ताकि आगामी बजट में इसे शामिल किया जा सके। इससे देवनारायण योजनान्तर्गत आने वाले विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर आवासीय सुविधा मिलने की संभावना बढ़ गई है।

# दिवंगत हॉकी खिलाड़ियों की स्मृति में तीन दिवसीय लीजेंड कप शुरू

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

नगर में शुक्रवार को दिवंगत हॉकी खिलाड़ियों की स्मृति में आयोजित तीन दिवसीय हॉकी लीजेंड स्मृति कप प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता स्वर्गीय घनश्याम कोली, नंदलाल नायक, पंकज जैन, चेतन घुसा एवं अर्जुन सोलंकी की स्मृति में आयोजित की जा रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य इकराम अली ने की। मुख्य अतिथि रघुनंदन सोनी, अध्यक्ष नगर पालिका शाहपुरा रहे, जबकि पंकज सुगंधी नगर अध्यक्ष भाजपा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व खेल प्रेमी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में 8



टीमों के 144 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन दिवस पर खेले गए मुकाबलों में सुजान सिंह टीम ने लक्ष्मी दत्त काँटिया को 2-0 से हराया। सुजान सिंह व सुदर्शन देव के बीच एक मैच 1-1 से बराबर रहा, जबकि केसर सिंह बारहठ बनाम लक्ष्मी दत्त काँटिया में काँटिया टीम 4-0 से विजयी रही। सायंकालीन मुकाबले में सुजान सिंह ने सुदर्शन देव को 2-1 से पराजित किया।

नगर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का संचालन कैलाश कोहली ने किया। आयोजन में वरिष्ठ खिलाड़ी, खेल प्रेमी व बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का हुआ शुभारंभ, जागरूकता कार्यक्रमों की हुई शुरुआत

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

जिला परिवहन कार्यालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ 1 जनवरी से किया गया, जो 31 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान जिलेभर में प्रतिदिन सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला परिवहन अधिकारी अनिल ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पहले दिन वाहन चालकों को यातायात नियमों की





पालना करने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम के तहत विभिन्न वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए, जिससे रात्रि के समय दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। वहीं जिला परिवहन कार्यालय में आने वाले नागरिकों को ट्रैफिक नियमों एवं सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

इसके साथ ही वाहन एवं लाइसेंस सेवाओं के लिए आए लोगों के साथ संवाद बैठक आयोजित की गई, जिसमें सड़क सुरक्षा को लेकर उनके विचार सुने गए तथा यातायात से जुड़ी भ्रांतियों का समाधान किया गया। अधिकारियों ने सभी से नियमों का पालन करने और स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

# पुलिस की निगरानी में यूरिया खाद का हुआ वितरण

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।**

( **सांवर वैष्णव** ):- कस्बे में शुक्रवार को यूरिया खाद का वितरण किया गया । किसानों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस की निगरानी में खाद का वितरण किया गया । रबी के सीजन में गेहूं, जौं, चना और सरसों की फसल के लिए यूरिया खाद को लेकर किसानों को बड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है । गुरुवार को सवाईपुर में कोटड़ी कृषक सेवा सहकारी संस्था में 710 यूरिया खाद



के कट्टे पहुंचे, जिसका वितरण शुक्रवार सुबह से शुरू हुआ । एफएसएस के बाहर अल सुबह से ही किसान कड़ाके की सर्दी में पहुंचे, कतारें इतनी बढ़ गई कि नेशनल हाईवे तक चली गई । किसानों के भीड़ को देखते हुए पुलिस की की मौजूदगी में किसानों को खाद का वितरण किया गया । इस दौरान हरीशचंद्र जाट, त्रिलोक चंद अजमेरा, सुरेन्द्र कुमार श्रोत्रिय, शिव कुमार गाड़री, कृषि पर्यवेक्षक किशन लाल गुर्जर, कैलाश गिरी गोस्वामी सहित कई किसान मौजूद रहे ।

# यूरिया खाद वितरण, किसानों की लगी लंबी कतारें



**भीलवाड़ा फोकस @ गुरलां ।**

ग्राम सेवा सहकार समिति में शुक्रवार को यूरिया खाद का वितरण किया गया। खाद वितरण से पहले ही बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष किसान समिति परिसर में पहुंच गए, जिससे सुबह समिति खुलने से पहले ही किसानों की लंबी कतारें लग गईं।

समिति व्यवस्थापक रणवीर सिंह पुरावत ने बताया कि गुरुवार को समिति में 445 बैग यूरिया प्राप्त हुए थे, जिनका वितरण शुक्रवार को किया गया। वहीं कृषि पर्यवेक्षक मानसिंह मीणा ने बताया कि मांग के मुकाबले आपूर्ति कम होने के कारण प्रति राशन कार्ड केवल एक बैग यूरिया खाद दिया गया।

खाद वितरण के दौरान सहायक कृषि अधिकारी संगीता महरानिया तथा कारोई थाने से पुलिस के दो जवान मौजूद रहे, जिससे व्यवस्था शांतिपूर्ण बनी रही।

# बीलिया में तीन दिन बहेगी भक्ति की गंगा, हनुमान आराधना के 12 वर्ष पूर्ण

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

भगवान श्री आणा देवनारायण की नगरी बीलिया में हनुमान आराधना के पाँच चालीसा पाठ के अखंड क्रम के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन होंगे। आयोजन की शुरुआत शनिवार को सुबह 9 बजे 108 मंगल कलश यात्रा से होगी। शाम 7:15 बजे से महंत श्री रामझूलन दास महाराज द्वारा श्री हनुमान कथा का वाचन किया जाएगा। रविवार को सुबह 7:15 बजे



108 हनुमान चालीसा पाठ तथा सायंकाल पुनः हनुमान कथा होगी। सोमवार, 5 जनवरी को सुबह हवन-पूजन, दिन में हनुमान कथा, दोपहर महाप्रसादी और शाम को संगीतमय सुंदरकांड के साथ आयोजन का समापन होगा।

## QUICK BITES

### कलेक्ट्रेट में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई आयोजित , लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) प्रतिभा ने की।

बैठक में संपर्क पोर्टल पर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। एडीएम ने बिजली विभाग, नगर परिषद, कृषि, पशुपालन, सहकारिता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पीएचईडी, चिकित्सा, उद्यानिकी सहित अन्य विभागों के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि संपर्क पोर्टल पर किए गए निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की राज्य बीमा पॉलिसी भुगतान को लेकर दिशा-निर्देश जारी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग ने आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में सेवानिवृत्त होने वाले राज्य कर्मचारियों के हित में राज्य बीमा पॉलिसियों के भुगतान को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, भीलवाड़ा की संयुक्त निदेशक प्रियंका मेहरानियां ने बताया कि आगामी 1 अप्रैल से 31 मार्च 2027 के मध्य सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिक, जिनकी जन्म तिथि 1 अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1967 के बीच है, उनकी राज्य बीमा पॉलिसी 1 अप्रैल 2026 को परिपक्व होगी।

उन्होंने बताया कि दावों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित कार्मिकों की अंतिम प्रीमियम कटौती नवम्बर देय दिसम्बर 2025 तक की जानी थी। इसके बाद परिपक्वता स्वत्व दावा प्रपत्र को आवश्यक दस्तावेजों सहित 1 जनवरी 2026 से अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से न्यू एसआईपीएफ पोर्टल पर ऑनलाइन सबमिट करना होगा। समय पर आवेदन होने पर दावा राशि सीधे संबंधित कार्मिकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी।

दावा प्रस्तुत करते समय बीमा रिकॉर्ड बुक, मूल बीमा पॉलिसी, पदस्थापन विवरण, परिशिष्ट 'क' तथा बैंक पासबुक या कैंसिल चेक की प्रति अनिवार्य रूप से अपलोड करनी होगी।

इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा जिन चिकित्सा अधिकारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 अथवा 65 वर्ष की गई है, उनकी राज्य बीमा पॉलिसी की परिपक्वता तिथि स्वतः ही उसी अनुसार परिवर्तित मानी जाएगी।

### बाल कला व युवा महोत्सव संपन्न, 500 से अधिक बच्चों ने निभाई भागीदारी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



**मानव तिवाड़ी।** लाइट ऑफ लाइफ ट्रस्ट द्वारा आनंदो व आनंदो प्लस प्रकल्प के अंतर्गत बाल कला महोत्सव एवं युवा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जागेश्वर महादेव मंदिर स्थित सामुदायिक भवन, में किया गया। इस कार्यक्रम में बूंदी जिले के गरड़दा तथा भीलवाड़ा जिले के बिजोलिया, मकरेड़ी, कांस्या, सलावटिया एवं भोपतपुरा सेंटरों से जुड़े 500 से अधिक जरूरतमंद बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा एवं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के आनंदो अधिकारी राजमल भील ने की। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष मूल्यांकन हेतु परीक्षक भी उपस्थित रहे।

बाल कला एवं युवा महोत्सव में ऑडिशन के माध्यम से चयनित बच्चों के लिए चित्रकला, भाषण, निबंध, ब्लॉग राइटिंग, वाद-विवाद, रंगोली, कबाड़ से जुगाड़, एकल गायन, एकल नृत्य एवं सामूहिक नृत्य जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा से दर्शकों को प्रभावित किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में निहित कला, सृजनात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर आनंदो प्लस एपीसी शकुंतला धाकड़, रवि पाल सहित सभी छह सेंटरों के केंद्र कार्यकारी रेनू कंवर, बेबी वर्मा, सोनल खींची, राकेश मीणा, पवन बैरागी, प्रमोद धाकड़, एसएफएसईपी शिक्षक, प्रतियोगिता परीक्षक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।